भीमबेटका

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 16वें [वित्त आयोग] के अध्यक्ष **डॉ. अरविंद पनगढ़िया** और उनके सदस्यों ने [यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका] का दौरा किया।

- इस दौरान उन्होंने राज्य की **ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत** को करीब से देखा और इसकी भव्यता की सराहना की।

मुख्य बिंदु

- **दौरा के बारे में:**
  - वित्त आयोग के सदस्यों ने **भीमबेटका** को भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का अमूल्य प्रतीक बताया।
  - उन्होंने भीमबेटका के **शैलचित्रों की विषयवस्तु** (सामूहिक नृत्य, शिकार, युद्ध, आदि) तथा इनमें प्रयुक्त खनिज रंगों (गेरुआ, लाल, सफेद) की कलात्मक और ऐतिहासिक विशिष्टता का अवलोकन किया।
  - साथ ही उन्हें प्रस्तावित '**रॉक आर्ट इको पार्क म्यूज़ियम**' के बारे में जानकारी दी गई।
- **भीमबेटका**
  - **अवस्थिति:** यह मध्य प्रदेश के **विंध्य पर्वतमाला में भोपाल के दक्षिण में स्थित है**, जहाँ 500 से अधिक शैलचित्रों वाले शैलाश्रय हैं।
    - भीमबेटका की गुफाओं की खोज वर्ष **1957-58 में वी. एस. वाकणकर** ने की थी।
    - इसे वर्ष 2003 में **यूनेस्को** विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।
  - **समयावधि:** अनुमान है कि **सबसे पुरानी चित्रकारी 30,000 वर्ष पुरानी हैं** तथा गुफाओं के अंदर स्थित होने के कारण आज भी सुरक्षित हैं।
    - भीमबेटका की चित्रकारी **उच्च पुरापाषाण, मध्यपाषाण, ताम्रपाषाण**, **प्रारंभिक ऐतिहासिक और मध्यकालीन काल** की है।
    - हालाँकि अधिकांश चित्र मध्यपाषाण युग के हैं।
  - **चित्रकारी तकनीक:** इसमें प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त विभिन्न रंगों जैसे लाल गेरू, बैंगनी, भूरा, सफेद, पीला और हरा आदि का उपयोग किया जाता है।
  - **चित्रों की विषय-वस्तु:** प्रागैतिहासिक पुरुषों के रोज़मर्रा के जीवन को अक्सर छड़ी जैसी मानव आकृतियों में दर्शाया गया है।
    - हाथी, बाइसन, हिरण, मोर और साँप जैसे विभिन्न जानवरों को दर्शाया गया है।
    - शस्त्रधारी पुरुषों के साथ शिकार के दृश्य और युद्ध के दृश्य।
    - सरल ज्यामितीय डिज़ाइन और प्रतीक।

वित्त आयोग

- **परिचय**
  - वित्त आयोग एक **संवैधानिक निकाय** है, जिसे संविधान के **अनुच्छेद 280** के तहत गठित किया जाता है।
  - इसका मुख्य उद्देश्य **संघ और राज्यों के बीच राजस्व संसाधनों के न्यायसंगत आवंटन** को सुनिश्चित करना है।
  - यह एक **अर्ध-न्यायिक निकाय** है, जो वित्तीय मामलों में निष्पक्ष एवं संतुलित संस्तुतियाँ प्रदान करता है।
- **गठन एवं कार्यकाल**
  - वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा **प्रत्येक पाँच वर्ष में या आवश्यकतानुसार मध्यावधि में** किया जाता है।
  - आयोग **राजकोषीय संतुलन** को बनाए रखने और **सहकारी संघवाद** को सुदृढ़ करने का कार्य करता है।
  - इसकी संस्तुतियाँ **सरकार के सभी स्तरों** पर वित्तीय समन्वय स्थापित करने में सहायक होती हैं।
- **ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य**
  - प्रथम वित्त आयोग **वर्ष 1951 में** गठित किया गया था।
  - अब तक **15 वित्त आयोग गठित हो चुके हैं** और वर्तमान में **16वाँ वित्त आयोग कार्यरत है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhimbetka-1